इनका पुनर्स्थापन और आधुनिकीकरण किया जाए। फिलहाल एन टी सी द्वारा 109 राष्ट्रीयकृत और 15 प्रबन्धित मिलों का संचालन किया जा रहा है। यद्यपि एन टी सी इन मिलों को चलाने में सक्षम रही है फिर भी पुरानी एवं अप्रचलित मशीनरी, फालतू श्रमिक बल, अपर्याप्त आधुनिकीकरण और अशत: कार्य पद्धति के कारण भी इन मिलों को आर्थिक रूप से अर्थक्षम बनाना संभव नहीं हो पाया है।

**राजस्थान में बन्द पड़ी कपड़ा मिलें**

†480. **श्री शिवचरण सिंह** : क्या वस्त्र मंत्री 27 अप्रैल 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 63 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कुल कितनी कपड़ा मिलें बन्द पड़ी हुई हैं; और उनमें से कितनी राजस्थान में हैं;

(ख) क्या सरकार इन मिलों को पुन: चालू करेगी; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) राजस्थान में पिछले तीन वर्षों के दौरान कितनी कपड़ा मिलें लगाई गई अथवा निकट भविष्य में वहां कितनी कपड़ा मिलें लगाये जाने की योजना है;

(घ) क्या यह सच है कि राजस्थान में कपास के उत्पादन का पूरा उपयोग करने के लिए पर्याप्त मिलें नहीं है यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(ङ) क्या राजस्थान के केवल कपास उत्पादन क्षेत्रों में ही मिल स्थापित करने की कोई योजना है यदि हां तो किन-किन स्थानों पर ?

**वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत)**: (क) 31 मई 1992 की स्थिति अनुसार देश में 134 सूती मानव निर्मित वस्त्र मिलें बन्द पड़ी हुई थी और इनमें 5 मिलें राजस्थान में हैं।

(ख) किसी बन्द पड़ी मिल का दुबारा खुलना बोर्डिए अभिकरण। बी आई एफ आर के सामने स्थापित उसकी अर्थक्षमता पर निर्भर करता है। जोकि मिल की जांच पड़ताल करता है और अर्थक्षम मिलों के बारे में पुनस्थापना पैकेज तैयार करता है और उनका प्रबंध करता है।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान श्रीगंगानगर राजस्थान में एक एकीकृत सहकारी कताई मिल की स्थापना की गई है।

(घ) राजस्थान की कपास का प्रयोग राजस्थान की मिलों के अलावा पूरे देश की मिलों द्वारा किया जाता हैं।

(ङ) सरकार स्वयं किसी वस्त्र मिलें की स्थापना नहीं करती है, नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्र में मिल की स्थापना के लिए किसी लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

**D.R.D.O. Plant to desalinate brackish Water**

3522. DR. SANJAYA SINH: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a plant based on principle of reverse osmosis has been designed and fabricated by the DRDO to desalinate brackish water and decontaminate it from various types of chemicals; and

(b) if so, what are the details thereof including the cost of operating such a plant?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR): (a) Yes, Sir.

(b) The plant has capacity to purify 7000 litres per hour of brackish water or 2000 litres per hour for